## संक्षिप्त

### जन्मोत्सव को लेकर निकाली वाहन रैली

**निवाई।** भगवान परशुराम सेना एवं सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में प्रदेश अध्यक्ष मीत गौतम व उपाध्यक्ष महावीरप्रसाद गौतम के नेतृत्व में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भगवान परशुराम के जयकारों से आस-पास का वातावरण गूंजायमान हो उठा। इस दौरान वाहन रैली निकाली गई। जिसमें समाज के सैंकडों लोगों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। वाहन रैली को जगह-जगह स्वागत एवं सत्कार किया गया। सैकड़ों की संख्या में विप्र बंधुओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम को संपन्न कराया एवं सैंकडों श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के भोग लगाकर प्रसादी का आनंद लिया। प्रदेश मिडिया प्रभारी धीरज मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में भगवान परशुराम सेना राजस्थान के प्रदेश संयोजक नवनीत शर्मा सहित पदाधिकारियों ने भी बढ़ चढक़र भाग लिया।

### सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण

**फुलेरा।** स्थानीय नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 एवं बजट घोषणा 2024-25 के अन्तर्गत कस्बे की जोबनेर रोड़ स्थि सांसी बस्ती व ज्योतिबा फुले सर्किल के पास सामुदायिक व सार्वजनिक शौचालय का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। उक्त शौचालयो का लोकार्पण स्वायत्त शासन विभाग के मन्त्री के द्वारा 4 मई रविवार को प्रात: 11 बजे निदेशालय में वचुर्वल मोड के माध्य से बटन दबाकर किया जायेगा।

### ऋणी एकमुश्त समाधान योजना का लाभ उठाएं

**टोंक।** राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में वितरित ऋणों के संबंध में एक मुश्त समाधान योजना की घोषणा की गई है। यह योजना 30 सितंबर 2025 तक लागू है। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. के परियोजना प्रबंधक ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति, स्वच्छकार, दिव्यांग एवं अन्य पिछड़ा वर्ग को योजना के तहत अतिदेय मूलधन राशि जमा कराने पर ब्याज एवं शास्ति पैनल्टी की राशि पर शत-प्रतिशत की छूट मिल सकती है। उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2024 तक के समस्त ऋणी 30 सितंबर से पहले अतिदेय मूलधन राशि जमा कराने पर इस लाभ उठाएं। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अनुजा निगम, टोंक जिला परिषद (ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ) परिसर द्वितीय तल, टोंक में संपर्क कर सकते है।

### परिंडा बांधो अभियान की शुरुआत

**टोंक।** पीपलू उपखण्ड में स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीपलू में राष्ट्रीय सेवा योजना (छै) इकाई द्वारा परिंडा बांधो अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अभियान का उद्देश्य गर्मी के मौसम में पक्षियों को जल व दाना उपलब्ध कराना है। प्राचार्य प्रो. सौलत अली खान ने परिंडा बांध कर अभियान का शुभारंभ करते हुए कॉलेज परिसर सहित सभी पेड़-पौधों पर परिंडे बांधने के निर्देश दिए। कार्यक्रम अधिकारी जे.पी. देवतवाल ने बताया कि यह अभियान केवल कॉलेज परिसर तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि गोद ली गई बस्तियों में भी परिंडे बांधे जाएंगे। इस अवसर पर समस्त संकाय सदस्य, स्टाफ व एनएसएस की स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

### जांगिड़ समाज की बैठक आज

**निवाई।** उपखंड मुख्यालय स्थित भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर परिसर में शनिवार को सुबह 10 बजे जांगिड़ समाज की बैठक आयोजित होगी। तहसील सभा महामंत्री रामविलास चैनपुरा व मनीष बहकवा ने बताया कि बैठक में जिलाध्यक्ष पद हेतु भावी उम्मीदवार को समर्थन करने पर विचार विमर्श किया जावेगा। बैठक में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने के लिए समाज के लोगों से अपील की गई।

### आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत श्रीमति गीता चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं निरमा मीणा थानाधिकारी महिला थाना टोंक द्वारा गठित टीम ने डीपी एक्ट में वांछित स्थाई वारण्टी आरोपी परवीन मोहम्मद पुत्र अब्दुल कय्युम जाति मुसलमान उम्र 36 साल, व अब्दुल कय्युम पुत्र पीर मोहम्मद जाति मुसलमान उम्र 65 साल निवासी अलोद थाना दबलाना जिला बून्दी को तलाश कर गिरफ्तार किया किया।

# कलशयात्रा के साथ 108 कुण्डीय श्री सीताराम महायज्ञ का शुभारंभ

**चाकसू ।** चाकसू क्षेत्र के तामडिया स्थित श्रीराम धाम आश्रम पर शुक्रवार को सवेरे से ही धार्मिक कार्यक्रमों की हलचल रही। धन्ना पीठाधीश्वर श्री बजरंग देवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में सवेरे सात बजे ही ग्राम के मध्य स्थित प्राचीन देवालय ठाकुरजी के बड़े मंदिर से सैकड़ों की संख्या में महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर सीताराम संकीर्तन करते हुए गांव के प्रमुख मार्गों से निकलते हुए यज्ञस्थली पर पहुंची।



महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर सीताराम संकीर्तन करते हुए गांव के प्रमुख मार्गों से निकलते हुए यज्ञस्थली पर पहुंची।

कलशयात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। श्रीराम धाम आश्रम के सेवा कार्य में रात-दिन सेवा दे रहे मुकेश भैया ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सवा बारह बजे यज्ञाचार्य विद्वान पंडित छाजूरामात्मज दिनेश त्रिपाठी ने विद्वान पंडितों के सानिध्य में वेद मंत्रों के साथ अरणि मंथन करते हुए अग्नि प्रज्वलित कर कार्यक्रम का जयकारों के मध्य शुभारंभ किया। मीडिया प्रभारी विष्णु मामोडिया के अनुसार 108 यजमान जोड़ों के नो दिन तक ठहरने के लिए महाकुंभ की तरह यहां भी टेंट सिटी का व्यवस्थित ढांचा खड़ा किया गया है। आवास में शौचालय स्नानागार एवं आराम करने के सुविधा एवं सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है। सार्वजनिक प्रवचन एवं भोजनालय के लिए विशाल डोम बनाया गया है। अनुमान के अनुसार नियमित रूप से 10 से 15 हजार श्रद्धालुओं के लिए रोजाना भोजन की व्यवस्था के लिए 70 से अधिक हलवाई एवं सहयोगी लगे हुए हैं। साफ-सफाई के लिए दो दर्जन सफाई कर्मचारी एवं अन्य सेवक लगे हुए हैं। उल्लेखनीय बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग 400 सेवादार विभिन्न सेवाओं में स्वैच्छिक भागीदारी निभा रहे हैं। श्री सीताराम महायज्ञ प्रबंध समिति के अध्यक्ष गिरिराज मोदाणी के अनुसार इस महिने में पड़ने वाली भीषण गर्मी एवं लूं से बचाव के लिए समस्त यज्ञ क्षेत्र में बड़ी साइज के पोखर लगाए गए हैं। जगह जगह ठंडे पानी की व्यवस्था रहेगी एवं निर्धारित समय पर मीठी/नमकीन छाछ, कैरी की छाछ की भी व्यवस्था की जा रही है। यज्ञस्थली पर सुरक्षा के लिए थानाधिकारी मनोहर लाल मेघवाल द्वारा पुलिस कर्मियों की व्यवस्था की गई है। किसी तरह की अनहोनी रोकने के लिए दो दर्जन के लगभग सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। महायज्ञ के दौरान

मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा बाहरी तरफ मनोरंजन के उपकरण लगाए गए हैं। नो दिवसीय 108 कुण्डिय यज्ञ की सफलता के लिए चन्द्र प्रकाश बडगौती, रामजी गुप्ता, विष्णु मामोडिया, रामचंद्र रोलानिया, रामरतन घोसल्या,

तामडिया सरपंच मुकेश चौधरी, प्रभू नारायण मीणा, रामराय बोहरा, रमेश कूलवाल, मुकेश यादव, चाकसू सहकारी क्रय-विक्रय समिति के अध्यक्ष मदनलाल चौधरी, भंवर सिंह सहित अनेकों सेवक रात-दिन सेवा दे रहे हैं।

## स्काउट लीडर ट्रेनर रामप्रताप शर्मा का स्वागत

**राजगढ़ ।** भारत स्काउट गाइड्स के तत्वावधान मे, स्टेट ट्रेनिंग सेंटर, उदय निवास, उदयपुर में आयोजित पांच दिवसीय ट्रेनर्स री-ओरियंटेशन कोर्स मैं भाग लेकर लौटे लीडर ट्रेनर रामप्रताप शर्मा का राजगढ़ में स्वागत हुआ। शर्मा ने बताया कि यह कोर्स नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी से उपनिदेशक स्मृति सौरभ राय (शिविर निदेशक )एवं महेंद्र शर्मा के निर्देशन में प्रदान किया गया । शिविर में फंडामेंटल, फॉर्मल इनफॉर्मल नॉन फॉर्मल एजुकेशन, प्रिंसिपल्स ऑफ़ मैनेजमेंट, यूथ प्रोग्राम, कंटेंट ट्रांजैक्शनल एनालिसिस, फॉर्म्युलेटिंग ऑब्जेक्टिव्स, प्रिंसिपल्स आफ ऑर्गेनाइजेशन आदि के अलावा प्रशिक्षण पद्धित में आए नवाचारों पर विस्तृत विवेचन किया गया। इस प्रशिक्षण में अलवर के तीन ट्रेनर्स समेत राज्य से कुल 35 ट्रेनर्स ने भाग लिया। इस कोर्स में राज्य मुख्यालय से रघुवीर सिंह शेखावत सहायक राज्य कमिश्नर, पूरन सिंह शेखावत राज्य संगठन आयुक्त, बन्ना लाल राज्य प्रशिक्षण आयुक्त ने भाग लिया।

# कुण्डाल ग्राम पंचायत बड़ोदिया में किसानों से मिले विधायक

**पावटा।** कुण्डाल ग्राम पंचायत बड़ोदिया चारों ओर पहाड़ियों के मध्य मुलभुत सुविधाओं से वंचित किसान वर्ग के लोगों के बीच देर रात्रि कार्यकर्ता साथियों के साथ शुक्रवार को विराटनगर

- किसान फसल उगाते हैं तो हमारा पेट भरता है : विधायक

विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड ने मुलाकात की।मौके पर विधायक धनकड ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है।



विधायक कुलदीप धनकड ने किसान वर्ग के लोगों से मुलाकात की।

किसान फसल उगाते हैं, तो हमारा पेट भरता है। किसानों की भूमिका देश में महत्वपूर्ण है आज के किसान तरह-तरह की तकनीक का इस्तेमाल कर सीमित स्थान पर अच्छी फसल उत्पादन कर अन्नदाता आत्मनिर्भर बन रहे हैं। वही विधायक कुलदीप धनकड ने मिसिंग लिंक से निर्मित कुण्डाल को जोड़ने वाली डामर सड़क के निमार्ण कार्य की समीक्षा की। निर्माण कार्य में आने वाले अवरूद्ध को जल्दी ही दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि प्रवास उन्हीं के बीच रखा। वही आजादी के 75 वर्ष बाद भी लोग अभावग्रस्त जीवन जीने के लिए मजबूर किसानों की सभी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

## 'वी आर द चैंपियन' पुस्तक भेंट

**टोंक।** पीपलू क्षैत्र के निवासी शैलेन्द्र सिंह बिजलपुरा ने अपनी चर्चित पुस्तक ष्वी आर द चैंपियनष टोंक जिले की कलेक्टर सौम्या झा और पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान को भेंट की। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने शैलेन्द्र के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यह पुस्तक देशभर के 15 ऐसे युवाओं की प्रेरणादायक कहानियों का संकलन है जिन्होंने समाज सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। राजस्थान से शैलेन्द्र सिंह और रोशनी बैरवा को इस सूची में शामिल किया गया है। शैलेन्द्र सिंह को बाल अधिकारों के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु विश्व बाल शांति पुरस्कार के लिए भारत से नामांकित किया गया है, जो उनकी अंतरराष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है। गौरतलब है कि इस पुस्तक का विमोचन जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा किया गया था।

# आर्यिका आदिमति माताजी का दो दिवसीय नवां समाधि दिवस मनाया

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर में आर्यिका रत्न आदिमति माताजी का नवां समाधि दिवस धूमधाम से मनाया गया जिसमें समाज द्वारा आर्यिका आदिमति माताजी की विधिवत मंत्रोच्चार के साथ प्रतिमा स्थापित की। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि आर्यिका श्रुतमति, सुबोधमति एवं आर्यिका विशेषमति

- शांति मण्डल विधान में उमड़े श्रद्धालु,
- मन्त्रोचार के साथ आर्यिका माताजी की प्रतिमा स्थापित

माताजी के सानिध्य में पण्डित विधानाचार्य सुनीलकुमार शास्त्री, मनीष गोधा फागी एवं अशोक भाणजा के निर्देशन में गाजे बाजे से नवीन वेदी में आर्यिका आदिमति माताजी की प्रतिमा स्थापित की गई जिसमें मुर्ति पुण्यार्जक जयकुमार, सुनील कुमार, विनय कुमार, शिखर जैन व नवीन जैन चकवाड़ा को सोभाग्य मिला। इस दौरान वेदी पुण्यार्जक का सोभाग्य सुनील जैन पंसारी जयपुर को



आर्यिका रत्न आदिमति माताजी का नवां समाधि दिवस धूमधाम से मनाया।

मिला। वेदी का पट खोलने का सोभाग्य विमल जैन, महेन्द्र जैन व सक्षम जैन उरसेवा को मिला। हितेश छाबड़ा ने बताया कि आदिमति माताजी के नवें समाधि दिवस पर 9 शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किए गए जिसमें सोधर्म इन्द्र बनने का सोभाग्य अशोक जैन कलकत्ता को प्राप्त हुआ। विधान की शुरुआत समाजसेवी दिनेश चंवरिया, महावीरप्रसाद पराणा, महेन्द्र चंवरिया एवं महावीरप्रसाद पहाड़ी ने भगवान शांतिनाथजी के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। इस दौरान विधान में इन्द्र बनने का सोभाग्य महावीरप्रसाद पहाड़ी, राजेन्द्र बगड़ी, नेमीचंद सिरस, राजकुमार जैन फागी, कन्हैयालाल जैन, संजय जैन, माणकचन्द सेदरिया एवं अरुण लटुरिया को मिला। इस दौरान इन्द्र इन्द्राणियों ने भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। विधान में श्रद्धालुओं ने 130 श्रीफल मण्डल पर चढ़ाकर जिन धर्म प्रभावना की। उन्होंने बताया कि समाधि दिवस के उपलक्ष्य पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजेता प्रतिभागियों को मेड़ता गुरु भक्त परिवार एवं आशा जैन लटुरिया द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महावीरप्रसाद पराणा, दिनेश चंवरिया, महेन्द्र चंवरिया, मोहित चंवरिया, शंभू कठमाणा, पारस जैन, राजेन्द्र जैन, सुनील जैन, त्रिलोक जैन, अतुल ठोलिया, प्रियंका पराणा, शोभा जैन, सलोनी जैन, नीतू जैन, मंजू जैन रानी जैन व दीपा जैन सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

## मत्स्य नगर डिपो के बस परिचालक ने छात्रा के साथ की बदसलूकी

- परिचालक के बिगड़ैल रवैया से , यात्रियों का होता आ रहा है अपमान
- छात्रा ने परिचालक के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**देवली ।** शुक्रवार को यहां शहर के हनुमान नगर क्षेत्र निवासी एक छात्रा ने मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर मत्स्य नगर डिपो बस परिचालक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। देवली निवासी छात्रा ने बताया कि वह प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को भी शहर के पेट्रोल पंप चौराहा स्थित टोंक शहर जाने के लिए रोडवेज बस का इंतजार कर रही थी तभी मत्स्य नगर 00 58 नंबर की बस चौराहे पर पहुंची इस पर टोंक जाने के लिए छात्रा जैसे ही बस में चढ़ने लगी तभी परिचालक ने उसके साथ दुर्व्यवहार करते हुए गैर मर्यादित शब्दों से अपमानित भी किया।

छात्र ने अपने साथ ऐसा दुर्व्यवहार होता देख अपने पिता देवेंद्र मेघवंशी को उक्त घटनाक्रम की पूरी जानकारी दी। अपनी पुत्री के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर देवेंद्र मेघवंशी तुरंत प्रभाव से देवली बस स्टैंड पहुंचे जहां बुकिंग इंचार्ज से इस मामले की शिकायत की साथ ही देवेंद्र मेघवंशी ने यात्रियों के साथ इस तरह के दुर्व्यवहार पर कड़ी निंदा जताई छात्रा के पिता देवेंद्र मेघवंशी ने बताया कि उनकी बेटी पुरवा मेघवंशी हनुमान नगर क्षेत्र की निवासी है। वह टोंक में वेटरनरी डिप्लोमा की पढ़ाई कर रही है। इस दौरान छात्रा ने आरोप लगाया कि शुक्रवार सुबह करीब 7:30 बजे वह पेट्रोल पंप चौराहे पर खड़ी थी, तभी मत्स्य नगर डिपो की एक बस चौराहा पर आकर रुकी इस दौरान वह टोंक जाने के लिए बस की सीढ़ियों पर चढ़ी,तो उक्त बस के परिचालक राजेश चौधरी ने गैर मर्यादित शब्द कहते हुए उसे बस से नीचे उतार दिया और बस टोंक नहीं जाने की बात कह डाली। इसके बाद छात्रा अपने पिता के साथ देवली बस पहुंची और उक्त बस में टोंक जाने के लिए कहा तो परिचालक राजेश चौधरी छात्रा के साथ से उलझ गया और उसके पिता के साथ फिर से दुर्व्यवहार करने पर उतारू हो गया इस पर पीड़ित छात्रा ने तुरंत प्रभाव से राजस्थान प्रदेश के मुख्यमंत्री संपर्क पोर्टल पर शिकायत दर्ज करवाते हुए उक्त परिचालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छात्रा का कहना है कि परिचालक राजेश चौधरी का व्यवहार बहुत ही अपमानजनक बना रहा था।

# 'भीषण गर्मी के चलते किसी भी क्षेत्र में पानी बिजली की किल्लत न हो'

**खैरथल।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर उपखंड स्तरीय अधिकारियों की आधारभूत सुविधाओं एवं जिले में चलाए जा रहे अभियानों के संबंध में बैठक लेते हुए गर्मियों को ध्यान में रखते हुए जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और रात्रि चौपाल से पूर्व ग्राम पंचायत की संपूर्ण प्रोफाइल तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि मौके पर यह स्पष्ट रूप से ज्ञात हो सके कि कितने ग्रामीण केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो चुके हैं तथा कितने पात्र लाभार्थी अभी शेष हैं।

बैठक में जिला कलेक्टर ने अत्यधिक गर्मी और संभावित हीट वेव के मद्देनज़र भीषण गर्मी के चलते किसी भी क्षेत्र में पानी बिजली की किल्लत न हो, इसके लिए अग्रिम योजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के अधिकारियों को निर्देश दिए साथ ही उन्होंने हीट वेव के चलते स्वास्थ्य विभाग सहित संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने व दोपहर के समय में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को पीएम सूर्य घर योजना के प्रचार प्रसार को और आगे बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि इस योजना का लाभ आमजन को मिल सके। उन्होंने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए की फॉल्ट या बिजली नहीं आने की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई कर आमजन को राहत प्रदान करें तथा कंट्रोल रूम सुचारू रूप से चालू रखा जाए। कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग को हीट वेव के संबंध में अस्पतालों में पंखे, कूलर, एसी, ओआरएस सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता जलदाय विभाग को जिले में पानी की सुचारू सप्लाई रखने के निर्देश दिए ताकि आमजन को पानी की किल्लत न हो तथा पाइपलाइन से पानी उपलब्ध नहीं करने की स्थिति में टैंकरों के माध्यम से उसे स्थान पर पेयजल आपूर्ति करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने रास्ता खोलो अभियान की प्रगति पर समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन रास्तों पर अतिक्रमण या बाधाएं हैं, उन्हें शीघ्र हटाया जाए ताकि आमजन को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। तिजारा तहसीलदार ने बताया कि रास्ता खोलो अभियान के तहत आज माजरा पीपली से इसरोदा रास्ते पर अतिक्रमण हटाया जाकर सुचारु किया। उन्होंने निराश्रित गोवंशों को आश्रय अभियान 2025 के तहत गोवंशों को प्रदान किए गए आश्रय की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शहरी वार्ड परिसीमन एवं पंचायत पुनर्गठन के संदर्भ में प्राप्त आपत्तियों पर चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आपत्ति का गंभीरता से परीक्षण कर समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें।



कलेक्टर किशोर कुमार ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर जिले में चलाए जा रहे अभियानों के संबंध में बैठक ली।

- जिला स्तरीय बैठक में कलेक्टर ने बिजली पानी सहित जिले में चलाए जा रहे अभियान की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया

## 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम

**कोटपूतली-बहरोड़।** केंद्रीय पर्यावरण एवं वन मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा 4 मई को संसदीय क्षेत्र अलवर की विभिन्न ग्राम पंचायतों में 'सांसद संपर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें केंद्रीय मंत्री द्वारा बजट घोषणाओं, मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना तथा अन्य मुद्दों के संबंध में आमजन से संवाद कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करेंगे। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रमानुसार 4 मई को बहरोड विधानसभा में प्रात: 7:30 बजे से ग्राम पंचायत ऊंटोली में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ऊंटोली के परिसर में ग्राम पंचायत ऊंटोली, खोहरी, कोहराना व महाराजावास के लिए कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके पश्चात प्रात: 9 बजे से ग्राम पंचायत बिचपुरी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिचपुरी के परिसर में ग्राम पंचायत बिचपुरी, दोसोद, माजरी कलां व रोडवाल के लिए सांसद संपर्क संवाद यात्रा कार्यक्रम आयोजित होगा।

## सार-समाचार

### जिला कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी




**कोटपूतली।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शुक्रवार को कोटपूतली-बहरोड़ जिले को प्राप्त एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस को जिला कलेक्ट्रेट भवन कोटपूतली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि यह एम्बुलेंस वेंटिलेटर, ऑक्सीजन सहित अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित है। इसमें एक प्रशिक्षित नर्सिंग कर्मी भी तैनात किया गया है। यह सेवा मरीजों को उच्च स्तर पर रेफर करने में सहायक होगी। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक, जयपुर जॉन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. यदुराज सिंह, डीपीएम योगेश कुमार, जिला नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ और जिला समन्वयक अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

### तेज बारिश ने खोली व्यवस्था की पोल

**राजगढ़।** कस्बे में शुक्रवार सुबह आई अचानक करीब आधे घंटे तेज बारिश नगर पालिका की सफाई व्यवस्था बेपटरी कर दिया। सुबह काली घटाओं के साथ आई तेज बारिश ने नाले एवं नालियां अवरुद्ध होने की वजह से कचरा प्रमुख सड़क मार्ग पर जमा हो गया। गंदगी एवं बदबू के कारण लोगों का जनजीवन प्रभावित रहा। नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। तेज बारिश से नाले एवं नालियों की सफाई नहीं होने के कारण जमा कचरा सड़कों पर आ गया जिसके कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विदित रहे कि नगर पालिका की ओर से सफाई की प्रॉपर व्यवस्था नहीं होने के कारण जगह-जगह कचरा की ढेर दोषपूर्ण कार्य प्रणाली को उजागर करते हैं। अचानक तेज भारी से कस्बे के कुंड मोहल्ला, प्रमुख बाजार, स्टेशन रोड एवं मेला चौराहा सहित प्रमुख स्थानों के सड़क मार्ग पर कचरा जमा हो गया। इस कारण बदबू जनित माहौल में लोगों का निकलना भी दुभर बन गया। कस्बे में शुक्रवार को जगह-जगह गंदगी एवं कचरा से सफाई व्यवस्था की पोल खुल गई। नगर पालिका सफाई कर्मचारियों का महीनो से भुगतान नहीं होने के कारण सफाई कर्मियों में रोष हैं। नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया ने बताया कि सफाई कर्मचारियों का भुगतान शीघ्र करवाने के प्रयास किया जा रहा है। बजट नहीं आना भी प्रमुख कारण हैं।

### गुवारिया मोहल्ले में पेयजल सप्लाई ठप

**नारायणपुर।** कस्बे के गुवारिया मोहल्ले में शुक्रवार सुबह जलदाय विभाग की लापरवाही के चलते नलों की पेयजल आपूर्ति नहीं हो सकी, जिससे मोहल्लेवासियों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि जलदाय विभाग द्वारा कस्बे में लंबे समय से दो दिन में एक बार ही पेयजल सप्लाई दी जा रही है। शुक्रवार को निर्धारित दिन होने के बावजूद भी सुबह से लेकर देर शाम तक पानी नहीं आया। विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों को देर शाम सप्लाई शुरू होने का आश्वासन दिया, लेकिन अंतत: टंकी में पानी नहीं होने की बात कहकर सप्लाई रोक दी गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने विभाग पर गुमराह करने और मनमानी करने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि भीषण गर्मी में जल संकट से आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जेईएन सुशीला सैनी ने बताया कि शुक्रवार को बिजली कटौती के कारण जल आपूर्ति बाधित रही, जिसे शीघ्र सामान्य करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने जलदाय विभाग से नियमित और समय पर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

### आंगनबाड़ी बाल वाटिका का शुभारंभ

**शाहपुरा ।** क्षेत्र की लेटकाबास ग्राम पंचायत के लाखनी गांव में शुक्रवार को बाल विकास अभियान के तहत आंगनबाड़ी बाल वाटिका का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रधान मंजू शर्मा ने कहा कि बच्चों के प्रारंभिक विकास पोषण और शिक्षा के लिए आंगनबाड़ी बाल वाटिका एक महत्वपूर्ण पहल है। जो बच्चों के लिए सुरक्षित पोषण युक्त व शैक्षिणक वातावरण प्रदान करती है। महिला बाल विकास अधिकारी लवलीन शर्मा ने कहा कि बाल वाटिका प्री प्राइमरी कक्षाए है। जो बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करती है। इंडियन ऑयल के जनरल मैनेजर बृज किशोर सोनी व डिप्टी जनरल मैनेजर इरफान अली ने कहा कि शिक्षा के लिए बाल वाटिका एक मजबूत आधार प्रदान करती है। इसमें माता-पिता व समुदाय की भागीदारी को प्रोत्साहित किया जाता है। कार्यक्रम में समाजसेवी रोहताश मीणा, मुरलीधर यादव,भरत कुमार तंवर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कृष्णा, सैकश सुशीला देवी, शारदा, गोपाल कलवानिया आदि मौजूद थे।

### उदयपुरवाटी विधायक का किया स्वागत

**श्रीमाधोपुर ।** उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी का श्रीमाधोपुर आगमन पर सैनी समाज के लोगो द्वारा स्वागत व सम्मान किया गया। दिनेश कटारिया ने बताया की उदयपुरवाटी के विधायक भगवानाराम सैनी को बड़ी खुशी व्यक्त की कि सैनी समाज के लोगों द्वारा उनका स्वागत व सम्मान किया गया। स्वागत व सम्मान मे ललित सैनी, सागरमल सैनी, ओमप्रकाश "प्रधान", बाबूलाल कटारिया, नरेंद्र शिवम, राजू बागवान ,कमल सैनी, राकेश सिंगोदिया, दीपेंद्र सैनी, बीजू सैनी, सोहनलाल सैनी, साधुराम सैनी ,कमल स्टूडियो, लक्की सैनी, प्रभुदयाल सैनी, बाबूलाल सैनी मेडिकल वाले आदि उपस्थित थे। विधायक भगवान राम सैनी ने स्वागत सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि मेरे लायक जो भी कोई काम हो सीधे मेरे से कहो, मेरे से जो भी काम होने वाला होगा मैं कर दूंगा और सभी लोगों ने महात्मा ज्योति फुले अमर है अमर है मां सावित्रीबाई फुले अमर रहे, अमर रहे ,भारत माता की जय नारे लगाए । सभी सैनी समाज के लोगो ने विधायक के आगमन पर खुशी व्यक्ति है।

### जवाहर सिंह बेडम से भेंट की



**देवली ।** शहर के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेडम से उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेप पूछी और उनसे शिष्टाचार भेंट की इस मौके पर शहर के युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज शर्मा ने देवली शहर की विभिन्न अव्यवस्थाओं पर भी मंत्री बेडम से बात करते हुए समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करवाया। इसी दौरान गृह राज्य मंत्री ने देवली के भाजपा कार्यकर्ताओं के बारे में भी जानकारी ली और पार्टी कार्यकर्ताओं से जुड़े रहने का मूल मंत्र दिया।

### रैगर महासभा की जिला स्तरीय बैठक कल

**निवाई।** अखिल भारतीय रैगर महासभा के तत्वावधान में रविवार को अन्नपूर्णा टोंक स्थित रैगर छात्रावास में सुबह 11.30 बजे महासभा आपके द्वार अभियान की तैयारियों को लेकर जिलाध्यक्ष शंकरलाल हाथीवाल की अध्यक्षता में आमसभा का आयोजन किया जाएगा। जिला महामंत्री रामभज वर्मा ने बताया कि बैठक में महासभा आपके द्वार अभियान की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी।

### तृतीय राज्य अधिवेशन 4 को

**मनोहरपुर।** प्रान्तीय मुस्लिम तैली महापचायत का तृतीय राज्य अधिवेशन रविवार दिनांक 04 मई होटल आरको पैलेस, सिन्धी कैंप एरिया जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। अधिवेशन मेंआर्थिक रुप से कमजोर विधार्थियों को उच्च शिक्षा जारी रखने में आर्थिक सहायता उपलब्द्ध करवाने हेतु कौमी सहूलत एज्युकेशनल फण्ड के संघ विधान नियमावली का विमोचन कर सहायता प्रक्रिया का शुभारम्भ किया जाऐगा।